


antarang
aspire · act · achieve

# हम कौन हैं

"आप बड़े होकर क्या बनना चाहते है?"
कुछ लोगों के लिए यह सवाल रोमांचक है, लेकिन भारत के लाखों युवाओं के लिए यह सवाल मुश्किल होता है।
कई बच्चे स्कूल बीच में ही छोड़ देते हैं क्योंकि उन्हें समझ नहीं आता कि शिक्षा उनके भविष्य से कैसे जुड़ी है। कुछ लोग परिवार के अपेक्षाओं के आधार पर करियर चुन लेते हैं और अपनी असली रुचि और क्षमता को कभी पहचान नहीं पाते।

Antarang Foundation में हम मानते हैं कि करियर शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है, कोई विशेष सुविधा नहीं। हमारा मिशन इसे सार्वजनिक स्कूली शिक्षा प्रणाली (Public School System) में शामिल करना है ताकि हर युवा को सही मार्गदर्शन, कौशल और आत्मविश्वास मिले और वह अपने सपनों को साकार कर सके।

हमारे छात्र आज फिल्ममेकर, फिटनेस ट्रेनर, शेफ, उद्यमी और कई अन्य क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। पिछले 10 सालों में हमने 3,60,000 से अधिक छात्रों को विभिन्न करियर विकल्पों में मार्गदर्शन दिया हैं ।

# हमारा बड़ा लक्ष्य ?

2030 तक 1 करोड़ युवाओं (कक्षा 9-12) को उनकी पसंद के करियर पथ पर आगे बढ़ने में सक्षम बनाना।
यही कारण है कि हम स्कूलों, अभिभावकों, उद्योगों और सरकारों के साथ साझेदारी करते हैं—ताकि शिक्षा प्रणाली में ही करियर मार्गदर्शन को गहराई से शामिल किया जा सके और हर युवा को वे अवसर और सहायता मिल सके जिनकी उन्हें उन्नति के लिए आवश्यकता है।
अब, हम ऐसे लोगों की तलाश कर रहे हैं जो संभावनाओं की शक्ति में विश्वास रखते हों।
अंतरंग (Antarang) में, आपका काम सिर्फ एक नौकरी नहीं होगा—बल्कि यह युवाओं के जीवन की दिशा बदलने का एक सुनहरा अवसर होगा।
यदि यह आपको उत्साहित करता है, तो हमें इस यात्रा में आपको अपने साथ जोड़कर बेहद खुशी होगी।

# हमारा प्रोग्राम

हमारा कार्यक्रम कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्रों के लिए 4-वर्षीय करियर मार्गदर्शन पहल है।

हमारे फैसिलीटेटर (सुविधाकर्ता) कक्षा में सत्र आयोजित करते हैं और साइकोमेट्रिक टेस्ट (मनोवैज्ञानिक परीक्षण) लेते हैं, ताकि छात्रों को उनकी रुचि और योग्यता के आधार पर उपयुक्त करियर विकल्पों को खोजने में मदद मिल सके। प्रत्येक छात्र के लिए एक मार्गदर्शन रिपोर्ट (Guidance Report) तैयार की जाती है, जिसके बाद व्यक्तिगत परामर्श (काउंसलिंग) दिया जाता है। इस कार्यक्रम में लक्ष्य निर्धारण, अध्ययन कौशल (study skills) और प्राथमिकताओं को तय करना भी शामिल है, जिससे छात्रों को अपने शैक्षणिक और करियर लक्ष्यों की दिशा में बने रहने में मदद मिलती है।
हम अपने सत्र 4 भाषाओं में आयोजित करते हैं - अंग्रेजी, हिंदी, मराठी और उर्दू। यह कार्यक्रम छात्रों को सक्रिय रूप से जोड़ने, रूढ़ियों को तोड़ने और माता-पिता एवं प्रधानाध्यापकों (Head Masters) की भागीदारी के साथ उनकी आकांक्षाओं को ऊँचा उठाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# भूमिका: प्रोग्राम सपोर्ट ऑफिसर

स्थान: मुंबई, ठाणे, पुणे, धाराशिव, यमुनानगर

पार्ट टाइम

**हमारे साथ जुड़ें आपका काम सिर्फ नौकरी नहीं होगा—आप बच्चों का भविष्य बदलेंगे।!**

## मुख्य जिम्मेदारियाँ

### कैरियर सेशन लेना

- स्कूल में नियमित और अच्छी गुणवत्ता के सेशन लेना
- अधिकतम छात्र सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षित और समावेशी कक्षा वातावरण बनाना
- जरूरत के अनुसार पढ़ाने का तरीका बदलना, साथ ही पाठ्यक्रम की मूल संरचना को बनाए रखना
- छात्रों के टेस्ट और फीडबैक (exit slip) को चेक करना, ताकि आप उनकी तरक्की समझ सकें और जरूरत के अनुसार उनकी मदद कर सकें।

### डेटा प्रबंधन

- बेसलाइन, एंडलाइन और मॉड्यूल-आधारित (BL/EL) टेस्ट आयोजित करना।
- सभी छात्रों से डेटा सही तरीके से भरवाना और समय पर जमा करना
- सत्रों का शेड्यूल, अटेंडेंस और अन्य डेटा को नियमित रूप से अपलोड करना
- शेड्यूलिंग रिकॉर्ड बनाए रखना, पायलट सत्रों का संचालन और डेटा को संभालना, तथा जिला/राज्य स्तर की रिपोर्टिंग आवश्यकताओं को पूरा करना
- इम्प्लीमेंटशन से जुड़ी समस्यों को पहचानना और उनके समाधान राज्य/जिला टीम के साथ साझा करना

### काउंसलिंग और सपोर्ट

- सभी छात्रों के लिए व्यक्तिगत रूप से करियर काउंसलिंग सेशन आयोजित करना।
- उन छात्रों की खास मदद करना जो पढ़ाई छोड़ने वाले हों या जिन्हें किसी विशेष मार्गदर्शन की जरूरत हो।
- जहाँ जरूरत हो, छात्रों को ग्रुप में बिठाकर एक-दूसरे से सीखने और चर्चा करने के मौके देना।
- छात्रों को काम की वेबसाइट्स (जैसे NCS, Shiksha) और इंडस्ट्री के जानकारों से जोड़ना।

### माता-पिता और समुदाय से जुड़ाव

- पैरेंट मीटिंग आयोजित करना
- विशेष सहायता की आवश्यकता वाले छात्रों के लिए (स्कूल शिक्षक के साथ) टेलीफोनिक फॉलो-अप और होम विज़िट करना
- समाज और लैंगिक अपेक्षाओं को समझते हुए संवेदनशीलता और सहानुभूति के साथ कार्य करना

### स्कूल इकोसिस्टम निवेश

- प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका के साथ नियमित बैठकें करें, संरचित रिपोर्ट प्रस्तुत करें और स्कूल की संस्कृति में करियर शिक्षा को शामिल करने के लिए पहल करें
- शिक्षकों और स्टाफ के साथ मजबूत संबंध बनाकर सहायक शिक्षण वातावरण तैयार करें

### इंडस्ट्री एक्सपोजरऔर पूर्व छात्र संपर्क

- इंडस्ट्री विज़िट और करियर फेयर आयोजित करना
- प्रोफेशनल्स और एलुमनाई से छात्रों को जोड़ना
- छात्रों और इंडस्ट्री पार्टनर्स से प्रशंसापत्र (testimonials) और प्रभाव कहानियाँ (impact stories) जमा करना
- पूर्व छात्रों को ट्रांजिशन कॉल्स, इवेंट्स और निरंतर संवाद के माध्यम से सहायता प्रदान करें, साथ ही कार्यक्रम गतिविधियों में उनकी भागीदारी बढ़ाने के अवसर पहचानें।

### सीखना और विकास

- सभी ट्रेनिंग में भाग लेना जिसमें ऑनबोर्डिंग, रिफ्रेशर ट्रेनिंग और मासिक वर्कशॉप शामिल हैं
- LMS ( Learning Management System) पर सीखना
- टीम के साथ ज्ञान-विकास में योगदान देना, विशेष रूप से स्कूल-रहित (non-school) अवधि के दौरान
- सेशन कैसा रहा और बच्चों ने क्या सीखा, इस पर चर्चा (reflection) करने के लिए Training और Quality टीम के साथ मिलकर काम करें।
- ज़रूरी जानकारी और ज्ञान के लिए खुद रिसर्च करें और लर्निंग पैकेट्स (सिखाने वाली सामग्री) का इस्तेमाल करें।

**PSO की अतिरिक्त भूमिका**

- करियर टीचर्स के लिए नियमित कक्षा अवलोकन (Classroom Observations) करना
- छात्र प्रभाव बढ़ाने के लिए करियर टीचर्स को फीडबैक देना और कोचिंग प्रदान करना

**योग्यता**

- किसी भी विषय में स्नातक; सामाजिक विज्ञान या शिक्षा पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।
- सोमवार से शनिवार तक, कम से कम एक वर्ष के लिए प्रतिदिन ५ घंटे का समय देने में सक्षम हों।
- बी.एड. या काउंसलिंग में प्रमाणपत्र अतिरिक्त लाभ होगा।
- स्थानीय भाषा में प्रवीणता अनिवार्य; अंग्रेज़ी का कार्यात्मक ज्ञान आवश्यक।
- कक्षा प्रबंधन, छात्र सुविधा या संबंधित शैक्षिक वातावरण में 1–2 वर्ष का अनुभव।
- किशोरों एवं प्रथम पीढ़ी के शिक्षार्थियों के साथ कार्य करने का पूर्व अनुभव वांछनीय।
- सामुदायिक या जमीनी स्तर के कार्यक्रमों में कार्य का अनुभव वरीयता प्राप्त होगा।
- मूलभूत डिजिटल साक्षरता — गूगल सूट (डॉक्स, शीट्स, फॉर्म्स) और व्हाट्सऐप का ज्ञान।
- कार्यक्रम से संबंधित दस्तावेज़ों और कार्यों को व्यवस्थित रखने की क्षमता।
- विविध सामाजिक पृष्ठभूमि के किशोरों के साथ कार्य करते समय सहानुभूतिपूर्ण एवं संवेदनशील दृष्टिकोण।
- स्थानीय संदर्भ की समझ के साथ मजबूत सामुदायिक जुड़ाव।
- समाधान-उन्मुख, जवाबदेह और आत्म-प्रेरित।
- विद्यार्थियों, परिवारों और टीम सदस्यों के साथ विश्वास-आधारित संबंध बनाने की क्षमता।
- निरंतर सीखने और व्यक्तिगत विकास के प्रति प्रतिबद्धता।

**आपके लिए क्या है ?**

- देश के भविष्य को बनाने का मौका
- अच्छा और सहयोगी काम का माहौल
- नई स्किल्स सीखने का अवसर
- मजबूत रिश्ते और नेटवर्क बनाना

**परामर्श शुल्क**

लगभग ₹१६,००० – ₹२०,००० प्रति माह (अनुभव के अनुसार)।

**आवेदन कै से कर ?**

कृपया आवेदन पत्र भरें।

यहां आवेदन करें।

आपको शुभकामनाएँ और आशा है कि हम संपर्क में रहेंगे!

**किसी भी प्रश्न के लिए संपर्क करें: careers@antarangfoundation.org**



**भारत के युवाओं को अपने भविष्य की ज़िम्मेदारी लेने में सक्षम बनाना।**